>

Title: Need to convert road connecting Muzaffarpur with Deoria and Taraiya into National Highway.

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली): बिहार राज्यान्तर्गत मुजफ्फरपुर-देवरिया-तरैया सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा देने हेतु बिहार सरकार ने अनुशंसा की है क्योंकि यह सड़क दो जिलों को जोड़ती है और अति घनी आबादी, पिछड़ा क्षेत्र और उग्रवाद से प्रभावित इलाके से होकर गुजरती है। ट्रैफिक ज्यादा है। मुजफ्फरपुर से देवरिया अभी पथ निर्माण विभाग की सड़क है और शेष भाग ग्रामीण सड़क है और गंडक नदी को स्वासीघाट पर पार करती है।

अतः आग्रह है कि इस सड़क को शीघ्र राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा दिया जाए।